**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 31-07-2006**

**Participants : Patel Shri Kishanbhai Vestabhai**

>

Title : Need to stop illegal cutting of trees in Dang forests of district Balsar, Gujarat.

**श्री किसनभाई वी.पटेल (बलसाड़)** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पर्यावरण मंत्री का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र बलसाड़ में स्थित डांग के जंगल में हो रही पेड़ों की गैर कानूनी कटाई की तरफ दिलाना चाहता हूं।

महोदय, पिछले दिनों डांग के जंगल में सबरीधाम मेला लगा। इस मेले में लाखों लोगों ने भाग लिया तथा वे यहां पर 15-20 दिन आकर रहे। इसी मेला स्थल पर एक पम्पा सरोवर बनाया गया। इस सारी व्यवस्था के लिए जंगल में एक तरफ 120-125 किलोमीटर तथा दूसरी तरफ 95-100 किलोमीटर सड़क बनवायी गयी। इस सारे आयोजन में इस जंगल के 10-12 रेंजों में भारी मात्रा में पेड़ों की कटाई की गयी जिसके फलस्वरूप यहां के पर्यावरण को बहुत नुकसान हुआ।

दूसरी तरफ इस जंगल में पिछले 3 सालों में 10-12 लाख पेड़ों का बिचौलियों के द्वारा विनाश किया जा चुका है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पर्यावरण मंत्री से अनुरोध करता हूं। कृपया डांग के जंगल को बचाने हेतु केन्द्र सरकार के स्तर पर अविलम्ब उचित कार्यवाही की जाये।

---

। *Treated as laid on the Table.